हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 28 सितम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 चित्रकला विचार एवं संस्कारों का आईना : अग्रवाल






*अंबिकापुर। घर में घुसकर मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोरंधा निवासी संजीत कुमार सिंह के घर में गांव का श्रीकांत आ. प्रेम परमानन्द चोरी करने की नियत से घर में घुसा और घर में रखे चांदी के चेन, मोबाइल फोन व नगदी रकम 27 सौ रुपए चोरी कर भाग रहा था। इस दौरान मकान मालिक ने उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी।

### डांडिया में बुलाया गया था मुख्य अतिथि के रूप में

# हिन्दू संगठनों के विरोध के बाद एल्विस यादव का कार्यक्रम रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जलाए एल्विस और अंजलि अरोरा के पोस्टर, कार को घेरा-किया हमला

शारदीय नवरात्रि के दौरान डांडिया गरबा कार्यक्रम में एल्विस यादव और अंजलि अरोरा जैसे कलाकारों को बुलाए जाने का हिन्दू संगठनों ने कडा विरोध किया है। डांडिया गरबा कार्यक्रम में अश्लीलता और फूहड़ता परोसने का आरोप लगाकर हिन्दू संगठनों ने कलाकारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनके पोस्टर जलाए। इतना ही नहीं डांडिया कार्यक्रम में पहुंचे एल्विस यादव को लोगों ने घेर लिया। इस दौरान वे किसी तरह अपनी गाड़ी से भाग निकले। इस विरोध प्रदर्शन के बाद एल्विस यादव के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है जबकि अंजलि अरोरा का कार्यक्रम भी इस विरोध के बाद रद्द होने संभावना जताई जा रही है।

बता दें कि शारदीय नवरात्रि के दौरान शहर में बड़े पैमाने पर डंडिया-डांडिया कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इन कार्यक्रमों में आयोजकों द्वारा बोली वुड और सोशल मीडिया के बड़े इन्फ़्लुएन्सर को बुलाया जाता है जिससे कार्यक्रम की भव्यता बढ़ जाती है। इसी कड़ी में इस बार आयोजकों द्वारा एक होटल में आयोजित डांडिया कार्यक्रम में एक्टर गोविंदा, एल्विस यादव और अंजलि अरोरा को बुलाया गया था। इन कलाकारों के आगमन को लेकर एक महीने से प्रचार चल रहा है। इस बीच एल्विस यादव और अंजलि अरोरा को लेकर हिन्दू एकता मंच और बजरंग दल द्वारा विरोध ⏭ शेष पेज 2 पर


एल्विस यादव की कार पर हमला करते पदाधिकारी।

### कार्यक्रम में पहुंचे कलाकार को घेरा

शनिवार को निजी होटल में होने वाले डांडिया कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एल्विस यादव पहुंचे थे इस दौरान हिन्दू संगठन के लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनके वाहन पर हमला किया। इस दौरान लोगों ने कार पर हाथ पैर भी चलाए। इस दौरान पुलिस की भारी टीम भी मौजूद थी। भारी विरोध और हमले के बीच एल्विस यादव कार्यक्रम स्थल से भाग निकले। इस विरोध प्रदर्शन के बाद एल्विस यादव के कार्यक्रम आयोजकों ने रद्द कर दिया है इसके साथ ही अंजलि अरोरा के कार्यक्रम के भी रद्द होने की संभावना जताई जा रही है।

### स्थिति सामान्य

एल्विस यादव का कार्यक्रम रद्द हो गया है और वे वापस लौट गए है। अब स्थिति सामान्य है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

## हत्या का प्रयास करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। दरिमा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम नान दमाली बंधानपारा निवासी तारा पैकरा के उड़द फसल को गांव के सुमित पैकरा के गाय बकरी ने खाकर नुकसान पहुंचाया था। इसी बात को लेकर 6 अगस्त को सुमित मौके पर पहुंचा और फसल नुकसान के बारे में पूछते हुए गाली गलौज की। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए पत्थर से महिला ने नाबालिग बच्चे पर हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर चोट लगने से घायल बच्चे को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया था। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद महिला ने 13 अगस्त को घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद जांच में हमले में बच्चे की जान को ख़तरा होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2) व 109 के तहत नान दमाली बंधानपारा निवासी 20 वर्षीय सुमित सिंह पैकरा आ. स्व.जवाब सिंह पैकरा को गिरफ्तार कर लिया है।









## खबर संक्षेप

### स्टेडियम ग्राउंड में वृहद गरबा एवं डांडिया कार्यक्रम आज

**प्रतापपुर।** शारदीय नवरात्रि पर बृहद् गरबा एवं डांडिया उत्सव का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड में किया जाएगा। कार्यक्रम मां दुर्गा पूजन समिति, बस स्टैंड के तत्वावधान में रात्रि 8.30 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन पूर्णतः निशुल्क रहेगा, जिसमें नगर पंचायत ही नहीं बल्कि आसपास के सैकड़ों गांवों से भी लोग भाग लेने के लिए पहुंचेंगे। सामूहिक गरबा नृत्य और डांडिया की धुन पर भक्तजन माता रानी की आराधना करेंगे। यह आयोजन नवरात्रि की सांस्कृतिक छटा और धार्मिक आस्था को एक साथ समेटे हुए होगा। इस बार सुबह-शाम दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मां दुर्गा के दर्शन और आरती में बड़ी संख्या श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

### संकुल केंद्र भटगांव 1 एवं 2 की हुई बैठक बीआरसीसी ने शिक्षकों को दिए दिशा-निर्देश



**भैयाथान।** शुक्रवार को संकुल केंद्र भटगांव 1 एवं 2 की बैठक हुई। बैठक में बीआरसीसी सुरेंद्र दुबे ने शिक्षकों को शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने पर विशेष जोर देने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक का ध्यान विद्यार्थियों की पढ़ाई पर केंद्रित रहना चाहिए ताकि बच्चों का शैक्षणिक स्तर निरंतर ऊंचा हो। बीआरसीसी दुबे ने कहा कि संकुल समन्वयकों के विद्यालय आदर्श विद्यालय रोल मॉडल के रूप में विकसित किए जाएं। विभागीय कार्य हेतु पत्र व आवेदन संकुल समन्वयक के माध्यम से ही कार्यालय में प्रेषित किए जाएं तथा किसी विशेष परिस्थिति में ही कार्यालय प्रमुख से फोन के जरिए संपर्क किया जाए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक रूप से विद्यालयीन समय में कार्यालय आने-जाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है, इसलिए शिक्षकों को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा विकासखंड के सभी सीएससी को अपने-अपने विद्यालयों को मॉडल स्कूल बनाने के निर्देश दिए । बैठक में संकुल प्रभारी पीआर तोमर, सीएससी गायत्री मिश्रा, ताराचंद गुप्ता, जितेंद्र सिंह सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

### सामाजिक अंकेक्षण दल ने बैकुंठपुर और सोनहत में किया आडिट

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में कोरिया जिले की दोनों जनपद पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण के अंतर्गत निकासी बैठकें संपन्न हुईं। इन बैठकों में सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा आडिट के दौरान ग्राम पंचायतों में दर्ज की गई आपत्तियों पर कार्य एजेंसियों ने दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए। सभी पक्षों को सुनने के बाद निर्णय पारित कर आपत्तियों का निराकरण किया गया। जनपद पंचायत बैकुंठपुर 17 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के दौरान कराए गए मनरेगा कार्यों की सामाजिक अंकेक्षण रिपोर्ट पर निकासी बैठक आयोजित की गई। जनपद पंचायत सोनहत के 21 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कराए गए कार्यों पर सामाजिक अंकेक्षण की निकासी बैठक संपन्न हुई।

## पेज 1 के शेष...

### हिन्दू संगठनों के विरोध के...

किया जा रहा था। हिन्दू संगठन के अंशुल कुमार और धीरज सिंह का आरोप है कि एल्विस यादव के ऊपर कई केस हो चुके है और वह जेल भी गया था इसके साथ ही अंजलि अरोरा पर भी फूहड़ता परोसने का आरोप है। डांडिया गरबा हिन्दू सनातन धर्म से जुड़ा हुआ है और आयोजकों द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों में ऐसे कलाकारों का चयन किया गया। यही वजह है कि शनिवार को हिन्दू संगठनों ने आयोजन स्थल के सामने अंजलि अरोरा और एल्विस यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनके पोस्टर भी जलाए। इधर आयोजकों और होटल संचालक का कहना था कि उन्होंने एल्विस यादव को कार्यक्रम के लिए एल्विस यादव को 20 लाख रुपए दिए गये थे। आयोजन कर्ता का कहना है कि वे भी धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए कार्यक्रम कराएंगे और यदि कार्यक्रम नहीं होगा तो विरोध प्रदर्शन कर रहे लोग उनके 20 लाख रुपए वापस कराए अन्यथा कुछ देर के लिए एल्विस का कार्यक्रम होने दें लेकिन हिन्दू संगठन के लोग अपनी मांग पर अड़े रहे।

## निधन

### अक्षयवर ओझा



**अम्बिकापुर।** शहर के गांधीनगर वार्ड क्रमांक 7 निवासी अक्षयवर ओझा का शनिवार को 35 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इलाज के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार रविवार की सुबह बनारस स्थित गंगा नदी के तट पर होगा।

## एक शिक्षिका के भरोसे संचालित हो रहा था स्कूल

# कुबेरपुर शाला में की शिक्षकों की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

खबर का असर

लंबे समय से एकमात्र शिक्षिका के भरोसे संचालित हो रहे प्राथमिक शाला कुबेरपुर में शिक्षकों की समस्या समाप्त होने वाली है। हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए विभाग ने एक ही परिसर में संचालित पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों को प्राथमिक शाला की कक्षाओं को संचालित करने निर्देशित किया है। विभाग ने युक्तियुक्त करण के तहत ज्वाइनिंग नहीं देने वाले शिक्षकों पर भी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

**खास बात**

- मिडिल स्कूल के शिक्षकों को दी गई जिम्मेदारी

सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम कुबेरपुर स्थित प्राथमिक शाला का संचालन लम्बे अर्से से कए शिक्षिका के भरोसे हो रहा है। शाला में 121 बच्चे अध्ययनरत है। अन्य शिक्षक के अभाव में शिक्षिका ममता लकड़ा अतिरिक्त कक्ष में पूरे दिन सभी पांच कक्षा के बच्चों को पढ़ा रही है। शिक्षिका के विभागीय बैठकों में जाने पर स्कूल बंद हो जाता है। शिक्षकों की कमी दूर करने विभाग ने युक्तियुक्त करण के तहत दो शिक्षकों की पदस्थापना की थी लेकिन दोनों शिक्षक आज तक नहीं पहुंचे। इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर सरपंच ने बीईओ से अतिरिक्त शिक्षक पदस्थ करने की मांग की थी। ग्रामीणों ने भी इस संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत करा समस्या का निराकरण करने की गुहार लगाई लेकिन मामले में अधिकारी शासन के निर्देश का हवाला देकर चुप्पी साधे रहे। हरिभूमि ने इस संबंध में 25 सितम्बर के अंक में एक शिक्षक के भरोसे कुबेरपुर के 121 बच्चों का भविष्य, युक्ति युक्तकरण बेअसर शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने एक ही परिसर में संचालित मिडिल स्कूल के शिक्षकों को प्राथमिक शाला की कक्षाएं संचालित करने निर्देशित किया है। बीईओ के इस निर्णय से अस्थाई रूप से समस्या का निदान करने की पहल की गई है। वही जिला शिक्षा अधिकारी ने युक्तियुक्तकरण के तहत पदस्थ शिक्षकों द्वारा अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।


एक कमरे में भेड़-बकरियों की तरह बैठते हैं पांच कक्षाओं के बच्चे
एक शिक्षक के भरोसे कुबेरपुर के 121 बच्चों का भविष्य, शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण बेअसर

### 23 शिक्षकों ने नहीं दी ज्वाइनिंग

जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिलेभर में बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया। युक्तियुक्त करण के तहत अन्य शिक्षकों ने निर्धारित समय पर अपना कार्यभार ग्रहण किया। जबकि 23 शिक्षक अपने पदस्थापना स्थल पर नहीं पहुंचे। इनमें 10 शिक्षकों का मामला उच्च न्यायालय में लंबित है। कार्यस्थल पर अब तक ज्वाइनिंग नहीं देने वाले 13 शिक्षको के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

#### की गई है व्यवस्था

बीईओ द्वारा एक ही परिसर में संचालित मिडिल स्कूल के शिक्षकों को प्राथमिक शाला की कक्षाएं संचालित करने निर्देशित किया है। युक्तियुक्तकरण के तहत अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।



## चित्रकला विचार एवं संस्कारों का आईना : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सेवा पखवाड़ा के तहत गांधी स्टेडियम में हुई चित्रकला प्रतियोगिता

सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को गांधी स्टेडियम में चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। स्कूली बच्चों ने विकसित भारत, ऑपरेशन सिंदूर, महिला सशक्तिकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, आयुष्मान भारत, मेक इन इंडिया जैसे विषयों पर शानदार पेंटिंग्स बनाईं। कई बच्चों ने राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से संबंधित रचनाएं प्रस्तुत की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने न केवल बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित किया बल्कि स्वयं भी पेंटिंग ब्रश उठाकर प्रतीकात्मक चित्र बनया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उनके विचार सुने और कहा कि चित्रकला केवल कला नहीं, बल्कि विचार और संस्कारों का आईना है। आप अपनी रचनाओं में समाज का भविष्य और देश का सपना साकार करते हैं। उन्होंने बच्चों से चर्चा करते हुए विकासशील भारत, महिला सशक्तिकरण और वोकल फॉर लोकल जैसे मुद्दों पर उनके दृष्टिकोण जाने। बच्चों से पढ़ाई के साथ कला को संतुलित करने और समाज को बेहतर दिशा देने की प्रेरणा के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि कला, संस्कृति और शिक्षा एक-दूसरे के पूरक है। पेंटिंग्स में व्यक्त विचार बताते हैं कि नई पीढ़ी न केवल जागरूक है बल्कि देश के सुनहरे भविष्य की जिम्मेदारी भी उठाने को तैयार हैं।

आने वाले समय में ये नन्हे कलाकार शहर सहित प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने बच्चों की कल्पनाशीलता और संदेशवाहक चित्रों की प्रशंसा की तथा शिक्षकों और अभिभावकों की सराहना की।

## नगर पालिका के फिल्टर प्लांट स्थित पाइप लाइन में वेल्डिंग के दौरान ब्लास्ट,वेल्डर बुरी तरह झुलसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- शान्तिनगर-शिवनन्दनपुर निवासी गुरुवचन आयरन वर्क्स के संचालक को गंभीर अवस्था में अंबिकापुर के बाद रायपुर किया गया रेफर, स्थिति नाजुक



सूरजपुर रेड़ नदी समीप नगर पालिका परिषद सूरजपुर के फिल्टर प्लांट में शुक्रवार की शाम पाइप लाइन की वेल्डिंग करते मुख्य मार्ग शिवनंदनपुर शान्तिनगर निवासी वेल्डर लखबीर शर्मा पिता तरसेम लाल शर्मा 54 वर्ष बुरी तरह झुलस गए हैं।बताया गया कि देर शाम छह बजे नगरपालिका सूरजपुर के कर्मचारियों की उपस्थिति में फिल्टर प्लांट में पाइप लाइन वेल्डिंग का काम कराया जा रहा था,उक्त चल रहे कार्य के दौरान वेल्डिंग मशीन में अचानक ब्लास्ट हो गया,तेज विस्फोट से वेल्डिंग मशीन का ट्रांसमिशन ऑयल जो काफी गर्म था वह पूरा मौके पर फैल गया,इसी ऑयल की चपेट में आकर वेल्डिंग का कार्य कर रहे लखबीर सिंह बुरी तरह झुलस गए,बताया यह भी गया कि जब वेल्डिंग मशीन फटी तो मौके पर करेंट भी फैल गया था।मशीन के तेज विस्फोट से मौके पर कार्य कर रहे लखबीर कुछ समझ पाते कि वे करेंट की चपेट में आ गए और मौके पर गिर पड़े,इस दौरान विस्फोट के कारण वेल्डिंग मशीन का ट्रांसमिशन ऑयल फैल गया और उनके पूरे शरीर को अपनी चपेट में ले लिया।विस्फोट की तेज आवाज़ गूंजने के बाद फिल्टर प्लांट में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई,फिल्टर प्लांट में नगर पालिका के कर्मियों ने तत्काल मामले की सूचना सीएमओ नगर पालिका सूरजपुर प्रभाकर शुक्ला को दी और लखबीर को लेकर सीधे जिला अस्पताल पहुंचे,यहां प्राथमिक उपचार में उनकी हालत गंभीर देखते हुए सीएमओ श्री शुक्ला ने उन्हें मिशन अस्पताल अंबिकापुर के बर्न यूनिट में देर रात ही शिफ्ट कराया है।शनिवार की शाम उन्हें और बेहतर उपचार के लिए एम्स रायपुर ले जाने की सूचना है,प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्य मार्ग शिवनन्दनपुर में गुरुवचन आयरन वर्क्स के संचालक लखबीर सिंह घटना में 60 प्रतिशत से अधिक झुलस गये है,उनके सिर से लेकर दोनों हाथ और कमर तक का हिस्सा घटना में बुरी तरह झुलसा है,अचानक हुए वेल्डिंग मशीन में ब्लास्ट और करंट फैलने की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।फिलहाल घटना में बुरी तरह जख्मी लखबीर सिंह के जल्द स्वस्थ होने की नगरवासियों ने कामना की है।

## रक्तदान शिविर में 35 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर




सेवा पखवाडा के तहत इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हीरालाल साधुराम सेवा कुंज में किया गया।

इस अवसर पर प्रेमनगर विधायक भुलन सिंह मरावी ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का सर्वोत्तम स्वरूप है। इससे असंख्य लोगों को जीवनदान प्राप्त होता है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और नागरिकों की भागीदारी समाज की जागरूकता और संवेदनशीलता को दर्शाती है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस की मूल पहचान सेवा और सहयोग है। रक्तदान अभियान इस संगठन की जनहितकारी गतिविधियों की श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए, क्योंकि यह किसी भी पीड़ति के लिए जीवन का संबल बन सकता है। कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि रक्त की उपलब्धता स्वास्थ्य व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। आपातकालीन परिस्थितियों में रक्तदान ही जीवन रक्षक की भूमिका निभाता है। उन्होंने रेडक्रॉस द्वारा आयोजित इस शिविर की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन हर स्तर पर ऐसे जनकल्याणकारी प्रयासों को प्रोत्साहित करता रहेगा। रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष ओमकार पांडे ने कहा कि यह अभियान न केवल मानवता के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश देने का भी माध्यम है। रक्तदान से एक ओर जहां जरूरतमंदों को जीवन मिलता है, वहीं दूसरी ओर यह दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी सिद्ध होता है। शिविर में 35 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। साथ ही कलेक्टर एस.जयवर्धन एवं डीएफओ पंकज कमल द्वारा भी रक्तदान किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाडे, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, शशिकांत गर्ग, रामकृष्ण ओझा, मुरली मनोहर, श्रवण जैन, थलेश्वर साहू, लोकेश पैकरा, अजय अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राजीव प्रताप सिंह, मनोज अग्रवाल, नीरज तायल, डॉ. एचएन चदुर्वेदी, सत्यनाराण पैकरा, कृष्ण कुमार गोयल, अरविंद मिश्रा, विजय राजवाड़े, संत सिंह, राजेश्वर तिवारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, वनमण्डाधिकारी पंकज कमल, सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार कार ने वृद्ध को मारी टक्कर, इलाज के दौरान हुई मौत

**बिश्रामपुर।** बीती रात एनएच 43 अंबिकापुर बिश्रामपुर मुख्य मार्ग में शिवनंदनपुर नगर पंचायत क्षेत्र के केशरवानी फोटो फ्रेमिंग दुकान के सामने हुए घटित सड़क हादसे में घूम फिरकर मजदूरी का कार्य करने वाले 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई,बताया गया कि इतवारी बाजार के झाला में रहकर गुजर बसर करने वाला रघुनाथ 60 वर्ष शुक्रवार रात नौ बजे के करीब एनएच 43 की सड़क पार कर रहा था,तभी तेज रफ्तार से सूरजपुर से अंबिकापुर जा रही अज्ञात कार की चपेट में आकर बुजुर्ग बुरी तरह जख्मी हो गया।स्थानीय लोगों की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया,प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल और अधिक रक्तस्त्राव के बाद उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज देर रात दाखिल कराया गया, सिर में गंभीर चोट लग जाने के कारण अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई,स्थानीय लोगों ने बताया कि वह करीब 30 वर्षों से अधिक समय से शिवनंदनपुर में ही रहता था, पहले किसी होटल में और बाद में एक कबाड़ी के यहां कार्य करता था।

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस / विज्ञप्ति**

रा.प्र.क्र.- 202408074700062/ अ-6/2023-24

पक्षकार :- परमेश्वर कौशिक पिता स्व. भगवत प्रसाद कौशिक वगै. -आवेदकगण

बनाम

अनिल वर्मा पिता गोपालचंद लाल वगै. .. अनावेदकगण

एतद् द्वारा विक्की वर्मा पिता सतीश चंद लाल निवासी कल्याणपुर विजय स्टोर्स के सामने एस.के. सिंग के मकान मे अंबिकापुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि मोहल्ला गोड़पारा शीट नं. 47 प्लाट नं. 56/95 रकबा 11134 व.फु. भूमि नजूल अभिलेख मे गोपालचंद लाल पिता रामचंदलाल वगैरह के नाम पर दर्ज है । आवेदकगण के पिता भगवत प्रसाद पिता रामचरण के व्दारा उक्त भूमि मे से रकबा 1015 व.फु. भूमि को गीता प्रसाद पिता रामचरण से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 10.04.1973 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण के लिए इस न्यायालय को आवेदन पत्र पेश किया गया है। जो वर्तमान में विचाराधीन है।

अत: इस संबंध में आपको या आपके विधिक वारिसान को कोई आपत्ति हो तो वे आगामी पेशी दिनांक 08/10/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 22/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**


TOP IN SURGUJA






























## खबर संक्षेप



### सैनिक स्कूल के अलंकरण समारोह में कैडेटों को दिया गया पद व बैज

**अंबिकापुर।** सैनिक स्कूल की परम्परा अनुसार कैडेटों में उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हाउस कैप्टन का चयन हाउस कैडेटों द्वारा चुनाव पद्धति से किया है। प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती की अध्यक्षता में आयोजित में विशिष्ट सभा में स्कूल कैप्टन कैडेट जगन्नाथ यादव, स्कूल एजूटेंट कैडेट सिद्धार्थ कुमार सिंह तोमर, अकेडेमिक कैप्टन कैडेट उत्कर्ष भारती, सीनियर अंडर ऑफिसर कैडेट अमन शर्मा को बैज और पद प्रदान किया गया। शेष पदाधिकारियों को प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ अध्यापक एवं सदन पालकों ने बैज और पद प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन कैडेट प्रत्युष दीक्षित एवं शपथ ग्रहण का संचालन शिक्षक प्रकाश तिवारी ने किया। अंत में प्राचार्य महोदय ने कैडेटों को अपने पद से जुड़ी ज़म्मिेदारी से अवगत कराया और कहा कि आपके कंधों पर स्कूल के अनुशासन के साथ कैडेटों में सहयोग की भावना पैदा करने की ज़म्मिेदारी भी है। आयोजन के प्रभारी दीपांकर तिवारी, जेसीओ शिवा कुमार सहित अन्य कर्मचारियों की सरहाना की गई। इस दौरान उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. पी श्रीनिवास, प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर, वरिष्ठ अध्यापक राजपुरोहित मदन लाल, समस्त हाउस मास्टर अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सेजेस स्कूल में छात्रों ने प्रस्तुत किया ड्रोन प्रदर्शन



**लखनपुर।** सेजस पीएम श्री स्कूल में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को ड्रोन संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद उन्हें स्टेडियम में वास्तविक रूप से उड़ाकर प्रदर्शित किया गया। विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा तैयार किए गए ड्रोन प्रदर्शन रहे, जिन्हें प्रशिक्षण के बाद स्टेडियम में उड़ाकर दिखाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के पूर्व अध्ययनरत छात्रों के लिए गेट टुगेदर का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था। सेजस एवं सीबीसी इंग्लिश मिडिल स्कूल तथा सेजस हिंदी मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने शिक्षा और आधुनिक तकनीकी ज्ञान के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजेश किशन पांडे तथा पूर्व छात्र सुरेश साहू ने भी अपने अनुभव साझा किए और बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री एवं पार्षद प्रतिनिधि सचिन बंसल ने विद्यालय के विकास हेतु अपनी पार्षद निधि से 1 लाख 80 हजार रुपये की राशि साइंस पार्क निर्माण के लिए प्रदान करने की घोषणा की। विद्यालय के प्राचार्य ऋषि पांडे ने स्वागत भाषण में विद्यालय की प्रगति, उपलब्धियों और वर्तमान समस्याओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान सुरेश साहू, मंडल उपाध्यक्ष यतेन्द्र पाण्डेय, शिवराज सिंह, उमेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

### सेजस निम्हा एवं गणेशपुर स्कूल में किया गया साइकिल वितरण



**लखनपुर।** सेजस निम्हा एवं गणेशपुर विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने विद्यालय की व्यवस्था को लेकर शिक्षक एवं संस्था प्रमुखों से चर्चा की तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा समग्र शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने पर बल दिया। शाला विकास बंधन समिति के अध्यक्ष परमेश्वर प्रजापति एवं जपं उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े ने भी अभिभावकों, शिक्षकों एवं संस्था प्रमुखों के बीच आपसी सहयोग और सामंजस्य पर जोर देते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को और उन्नत बनाने की आवश्यकता बताई। पूर्व मंडल अध्यक्ष बृज किशोर पांडे, मंडल महामंत्री सचिन बंसल, मंडल उपाध्यक्ष यतेन्द्र पाण्डेय एवं कामेंद्र राजवाड़े,ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षा के महत्व तथा शासन की योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। कार्यक्रम के अंत में सेजस निम्हा और गणेशपुर विद्यालय प्राचार्य अरुण कुमार राय एवं विश्वकर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर लालजीत पैकरा, जनपद सदस्य राजेंद्र सिंह, सरपंच जय सिंह कुरूम, संतोष यादव, मुकेश ठाकुर, अनिल राजवाड़े, दीलेश्वर राजवाड़े, रविंद्र सेन, अनुकसय सहित अन्य मौजूद थे।

---

### असामाजिक तत्वों ने टंकी को दो बार कर चुके क्षतिग्रस्त

# गोबर गैस प्लांट का ग्रामीणों को नहीं मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

ग्रामीणों को लकड़ी के चूल्हा से छुटकारा मिल सके और सुबह शाम भोजन बनाने के लिए घर में ही गैस उपलब्ध हो इसे ध्यान में रखकर ग्राम पंचायत पुहपुटरा में सात साल पूर्व गोबर गैस प्लांट लगाया गया था। गोबर गैस प्लांट लगाने के दो साल तक घरों में गैस सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। जिस पर जनप्रतिधिनियों व ग्रामीणों की मांग पर गैस सप्लाई शुरू की गई जो महज 6-7 माह तक हुई। गोबर गैस सप्लाई नहीं होने के कारण लगाए गए टंकी को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। ग्रामीणों की मांग पर पुनः मरम्मत कराई गई और कुछ माह बाद दूसरी बार टंकी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। ऐसे में गोबर गैस प्लांट में लगाए गए अन्य उपकरण मात्र शो पीस बनकर रह गए। टंकी को क्षतिग्रस्त कर देने के बाद आज तक क्षेत्र के ग्रामीणों को गोबर गैस प्लांट का लाभ नहीं मिल सका जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

**खास बात**

- पाइप के माध्यम से घरों में करना था गैस सप्लाई

जनपद पंचायत लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पुहपुटरा में लाखों की लागत से गोबर गैस प्लांट लगभग सात वर्ष पूर्व निर्माण कराया गया था। गांव में गोबर गैस प्लांट के लग जाने से ग्रामीणों को एक बेहतर सुविधा उपलब्ध होने की आस जगी खास कर महिलाओं को जिन्हें लकड़ी के चूल्हा से निजात मिल सके। ग्रामीणों की आस उस समय निराशा में बदल गई जब शासन की उदासीनता के कारण सिर्फ गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया था जिससे गोबर गैस प्लांट के उपकरण लावारिस हालत में कई माह तक पड़े रहे। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने प्रशासन से गोबर गैस प्लांट शुरू करने के लिए दबाव बनाया तो आनन-फानन में गोबर गैस प्लांट शुरू किया गया। गोबर गैस बनाने के पास ही गड्ढा खोदकर गोबर गैस प्लांट लगाया गया। गोबर गैस प्लांट लगने के बाद गांव के 10-12 घरों में पाइप के माध्यम से गोबर गैस की सप्लाई शुरू की गई। घरों में गैस उपलब्ध हो जाने पर लोगों ने राहत की सांस ली। घरों में नियमित दो समय गैस की सप्लाई लगभग 7 माह तक हुई परंतु बाद में इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इसी बीच असामाजिक तत्वों ने दुश्मनी की नियत से गोबर गैस की टंकी को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। गोबर गैस टंकी के क्षतिग्रस्त कर देने पर ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए और असामाजिक तत्वों के विरूद्ध अपराध दर्ज करने तथा क्षतिग्रस्त टंकी को बदल दूसरा टंगी लगाने की मांग की। ग्रामीणों की मांग पर पुनः क्षतिग्रस्त टंकी की मरम्मत कराकर गैस सप्लाई शुरू की गई। इधर टंकी के मरम्मत हो जाने तथा गैस सप्लाई होने से नाराज असामाजिक तत्वों ने कुछ दिनों बाद पुनः टंकी को क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे अब पुनः पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई और गोबर गैस प्लांट का लाभ से आज तक ग्रामीण सुविधा से वंचित है।



क्षतिग्रस्त गोबर कैस टंकी।

**गड्ढा हुआ खतरनाक**

गोबर गैस प्लांट लगाने के लिए एक बड़ा गड्ढा किया गया है। परंतु खोदे गए गड्ढे में निर्माण कार्य करने के बजाय पास ही दूसरी जगह गड्ढा खोद प्लांट लगाया गया है। ऐसे में खोदे गए गड्ढे को नहीं पाटने से अब बारिश का पानी जमा हो गया है जो राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। जबकि मार्ग से आदर्श गोठान व स्कूली बच्चे पढाई करने उसी मार्ग से जाते है।

**कर रहे भूमि अतिक्रमण**

ग्राम पंचायत पुहपुटरा में शासन द्वारा लाखों रुपए की लागत से गोबर गैस प्लांट लगाया गया है। लगभग चार साल पूर्व ही गोबर गैस प्लांट में लगाए गए टंकी को असामाजिक तत्वों द्वारा दूसरी बार क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इधर इस ओर ध्यान नहीं देने से अब गोबर गैस प्लांट की भूमि पर लोगों द्वारा घेराव कर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। ऐसे में समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो लाखों की लागत से लगाए गए गोबर गैस प्लांट का अस्तित्व ही मिल जाएगा।

**कराई जाएगी मरम्मत**

गोबर गैस प्लांट का सरपंच से बात कर पूरी तरीके से मरम्मत कराई जाएगी और पुनः बहाल किया जाएगा। जो लोग भूमि पर अतिक्रमण कर रहे है उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही गोबर गैस प्लांट का ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

-स्वेच्छा सिंह
जनपद सीईओ लखनपुर

---

## सड़क किनारे टहल रहे व्यक्ति की ट्रक की टक्कर से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

एनएच 43 किनारे टहल रहे युवक की संदिग्ध रूप से मौत हो गई। युवक की मौत को लेकर परिजन ने दुर्घटना की संभावना जताई है जबकि ससुराल पक्ष ने मारपीट के बाद हत्या करने की बात कही है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम चलता बरपारा निवासी 44 वर्षीय रमेश प्रधान आ. डोलाराम प्रधान 25 सितम्बर को अपने मित्र आशीष नाग के स्थ बाइक से एनएच 43 किनारे स्थित पंडित तालाब के पास गया हुआ था। इस दौरान आशीष शौच के लिए तालाब की ओर चला गया जबकि रमेश सड़क किनारे टहलने लगा। इसी दौरान अज्ञात ट्रक के चालक ने युवक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सिर के पिछले हिस्से में लगी चोट के कारण रमेश प्रधान बेहोश पड़े थे। कुछ देर बाद जब आशीष मौके पर पहुंचा तो उसने घर वालों को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद रमेश को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया लेकिन परिजन उन्हें लेकर निजी अस्पताल गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है लेकिन मौत को लेकर परिजन के अलग अलग बयान से असमंजस की स्थिति बनी हुई है। मृतक के साथी आशीष के अनुसार परिजन इसे सड़क दुर्घटना मानकर चल रहे हैं। वही मृतक के ससुराल पक्ष वाले इसे मारपीट की घटना से जोड़ रहे है। दरअसल ससुराल पक्ष का कहना है कि अज्ञात ट्रक की ठोकर से मृतक के सिर के पिछले हिस्से में चोट लगी थी। इसके अलावा शरीर के किसी भी हिस्से में चोट या खरोंच के निशान नही थे। जबकि ट्रक जैसे भारी वाहन की ठोकर से सिर के अलावा शरीर के अन्य अंग भी चोटिल हो सकते थे। रमेश की मौत पर ससुराल पक्ष द्वारा सवाल खड़े करने के बाद पुलिस ने उनका बयान दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस मामले में अपराध दर्ज करने से पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

- ससुराल पक्ष ने जताई मारपीट से मौत की आशंका

### नगर पुलिस अधीक्षक ने ली व्यापारियों की बैठक

**सूरजपुर।** सीएसपी एसएस पैंकरा के नेतृत्व में थाना प्रभारी विमलेश दुबे और यातायात प्रभारी बृजकिशोर पांडेय की मौजूदगी में नगर के व्यापारियों की बैठक आयोजित किया गया। शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव भी लिए गए और दुकानों के सामने वाहनों को व्यवस्थित खड़े करने के साथ दुकानों का सामान बाहर न निकालने संबंधी समझाइश दी गई। बैठक के उपरान्त नगर पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस अधिकारियों व जवानों द्वारा मनेन्द्रगढ़ रोड़, नवापारा व भैयाथान रोड़ में पैदल पेट्रोलिंग किया। इस दौरान बैंक, एटीएम के सुरक्षा का जायजा लिया गया और व्यापारिक प्रतिष्ठान के संचालकों को हिदायत दी गई कि उनके यहां कार्यरत कर्मियों की पुलिस वेरिफिकेशन कराएं एवं संस्थान सहित बाहर सीसीटीव्ही कैमरा लगवाए।

---

## भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष टिकरिहा का किया गया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के प्रथम नगर आगमन पर मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आतिश बाजी कर स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं ने बाबा चौक पर आतिशबाजी कर टिकरिहा का स्वागत किया तथा ढोल बाजा के साथ उन्हें वन विभाग निरीक्षण कुटीर ले आया जहां महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। प्रदेश मंत्री अंकुश सिह, नपं उपाध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल सहित मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं न उनका स्वागत उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री टिकरिहा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी जिले एवं मंडलों के दौरा तहत जशपुर, बलरामपुर सहित संभाग के 19 जिलों का दौरा पूरा हो चुका है। प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार में सभी पात्र व्यक्तियों को पीएम आवास दिया जा रहा है। सरकार पात्र व्यक्तियों को मुफ्त राशन साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपए दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार की योजनाओं से गरीब जनता को लाभ मिल रहा है। कार्यकर्ता संगठित होकर योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाएं। युवा मोर्चा की अपनी अलग पहचान है तथा भाजपा को विजय दिलाने में कार्यकर्ताओं की विशेष भूमिका रहती है। युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हमेशा लगन एवं विश्वास के साथ कार्य करते है। भाजपा शासन काल में केंद्र से लेकर राज्य तक सभी जगह विकास कार्य हो रहे है। प्रारंभ में सीमावर्ती ग्राम केदली, लवकशपुर से प्रदेशाध्यक्ष श्री टिकरिहा को वन विभाग के निरीक्षण कुटीर भाजपा व भाजयुमो के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। भाजयुमो प्रदेश मंत्री अंकुश सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल द्वारा निरीक्षण कुटीर जबकि पूर्व जिलाध्यक्ष विकेश साहू द्वारा बस स्टैंड के पास स्वागत की तैयारी की गई थी लेकिन पदेशाध्यक्ष सीधे निरीक्षण कुटीर पहुंचे।

इस दौरान प्रदेश मंत्री अंकुश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, भाजपा नेता राकेश भारती, मंडल महामंत्री बालेश्वर राम, मुरारी सोनी, रामानंद यादव, अमर दयाल यादव, संतोष गुप्ता, अंजू सिन्हा, पार्वती सिंह, राजेश्वर गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, नितेश तिवारी, संजय गुप्ता, विजय गुप्ता, मो. शमीम, पारस पाल, प्रीतम गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए मुख्यमंत्री ने शुरू किया जन समस्या समाधान शिविर : मंत्री अग्रवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

ग्राम पंचायत डांड़गांव में जिला प्रशासन द्वारा जिलास्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधायक एवं मंत्री राजेश अग्रवाल, कलेक्टर भोस्कर विलास संदीपन, जिप सीईओ विनय अग्रवाल उपस्थित रहे।

- सैकड़ो आवेदनों का किया गया मौके पर किया गया निराकरण

शिविर में 13 ग्राम पंचायत से सैकड़ों के संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इस अवसर पर पर्यटन संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विष्णु देव सरकार ने ग्रामीणों के समस्याओं के निराकरण के लिए जन समस्या निवारण शिविर गांव गांव में लगा रही है ताकि ग्रामीणों को कोई परेशानी न हो और सभी की समस्याओं का आसानी से निराकरण सके। उन्होंने कहा कि शिविर में ज्यादा से ज्यादा आवेदन दे और यहां कलेक्टर आये हुए हैं सभी समस्याओं का तत्काल निराकारण होगा। भाजपा की सरकार ने सभी लोगों के लिए अनेको योजनाएं शुरू की है आप सब लोग शासकीय योजनाओं का लाभ ले। सरकार का उद्देश्य है कि गांव के अंतिम छोर तक गांव गरीब के हर व्यक्ति को लाभ मिले। शिविर में मंत्री ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित गर्भवती महिलाओं का गोद भराई, अन्नप्राशन संस्कार के साथ साथ किसानों को पंप, बीज, पौधे, राशन कार्ड, ऋण पुस्तिका का वितरण किया। वही विभाग वार शिविर में सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। 15 दिन पूर्व ग्राम पंचायतों के माध्यम से 180 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 156 आवेदनों का निराकरण किया गया है, शेष 26 आवेदनों का निराकरण जिला स्तर पर किया जाना है। आज भी शिविर में लगभग 150 से अधिक आवेदन पत्र हुए थे जिसमें सौ से अधिक आवेदन का निराकरण किया गया शेष लंबित आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश विभाग वार दिए।

**कलेक्टर ने हायर सेकंडरी स्कूल का निरीक्षण, छात्रों से पूछे सवाल**

शिविर में आये कलेक्टर भोस्कर विलास संदीपन ने हायर सेकंडरी स्कूल डांड़गांव का निरीक्षण किया। साथ ही कक्षा 11 वी साइंस के छात्रों के साथ बैंच पर बैठ कर सीधा संवाद किया। उन्होंने साइंस विषय संबंधित कई प्रश्न पूछे लेकिन छात्रों ने कुछ ही प्रश्नों का जबाब दे सके। जिस पर कलेक्टर ने पढ़ाई को लेकर असंतोष जताया एंव शिक्षको को ठीक से पढ़ाने के निर्देश दिए। बगल में शेड के निचे लग रहे बालक छात्रवास का भी निरीक्षण किया। करोड़ों के लागत से बन रहे छात्रवास भवन में अधूरे कार्य को पूर्ण कर 15 दिन के अंदर शिफ्ट करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।



### शैला व सुगा नृत्य प्रतियोगिता अब पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में

**अंबिकापुर।** सरगुजा सेवा समिति, नागरिक समिति एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विजयादशमी महापर्व 2025 में होने वाले शैला व सुगा नृत्य प्रतियोगिता का स्थान कला केंद्र मैदान से परिवर्तित करते हुए पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में 29 सितंबर को प्रातः 10 बजे से किया गया है। सरगुजा सेवा समिति के महासचिव संजय अग्रवाल ने शैला व सुगा नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आह्वान किया है।

## बच्चे की मौत के बाद सील की गई दवा दुकान



**बलरामपुर।** घुटने के घाव का उपचार कराने गए मासूम बालक की झोलाछाप के इंजेक्शन से मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। नगर के 7 वर्षीय बालक अनमोल एक्का आ. जितेन्द्र की शंभू मेडिकल स्टोर के संचालक शंभू विश्वकर्मा द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के कारण मौत हुई थी। ऐसे में सीएमएचओ डॉ. बंसत सिंह के निर्देश पर दवा दुकान को सील कर दिया गया है इसके साथ ही उसके लाइसेंस को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस बीच जिले में संचालित अन्य क्लिनिक, लैब और दवा दुकानों को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिशा निर्देश जारी किए गए है। सीएमएचओ डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया कि विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी को ऐसे झोलाछाप व अवैध संचालित क्लिनिक, लैब पर छापेमारी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है, जहां बिना अनुमति अवैध रूप से मरीजों का उपचार एवं दवाई दिया जा रहा है। उन्होंने बताया ऐसे मेडिकल स्टोर, निजी क्लिनिक, पैथोलेब हॉस्पिटल जहां मरीजों का अवैध उपचार एवं दवाई प्रदान किया जा रहा है उस पर विभाग कार्रवाई भी कर रही है। डॉ. सिंह ने जिले के लोगों से ऐसे झोलाछाप चिकित्सक जिनके पास न तो मेडिकल पाठ्यक्रम का डिग्री है और न ही चिकित्सक है उनसे इलाज से बचने का आह्वान किया है। ऐसे लोगों से इलाज कराने पर मरीज की जान पर खतरा रहता है। उन्होंने लोगों से कहा है कि किसी भी प्रकार का स्वास्थ्य समस्या हो तुरंत नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए जाएं या किसी पंजीकृत चिकित्सक के पास ही इलाज करायें। डॉ. सिंह ने बताया कि लोगों को मितानिन के माध्यम से जागरूक भी किया जा रहा है और विभाग द्वारा लगातार स्वास्थ्य कैंप, मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मुख्यालय बलरामपुर में जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, नर्सिंग होम एक्ट, और राजस्व के संयुक्त टीम द्वारा मेडिकल स्टोर, निजी क्लिनिक, पैथोलेब का निरीक्षण भी किया गया और यह निरीक्षण लगातार जारी रहेगा और अवैध रूप से उपचार एवं दवाई वितरण पाए जाने कार्रवाई की जाएगी।

- सीएमएचओ ने कहा- स्वास्थ्य केंद्र में ही कराए उपचार, दिए जांच व कार्रवाई के निर्देश

---

## आरएसएस का पथ संचलन 29 को आयोजित, मनाया जाएगा शताब्दी वर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संघ के स्वयंसेवकों का एक विशाल पथ संचलन बिश्रामपुर में संचालित होगा,इस संबंध में बताया गया कि 29 सितंबर सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों का एकत्रीकरण शनि मंदिर अय्यप्पा प्रांगण में 11 बजे होगा तथा पथ संचलन 12 बजे बिश्रामपुर नगर में भव्य रूप से निकलेगा जिसका शुरुआत चोपड़ा कॉलोनी स्थित मिनी स्टेडियम गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग भटगांव- बिश्रामपुर रोड से बस स्टैंड भ्रमण करने पश्चात अम्बेडकर चौक से वापस होते हुए स्थानीय मंगतराम चौक के रास्ते शनि मंदिर प्रांगण में समाप्त होगा।

- मिनी स्टेडियम, चोपड़ा कॉलोनी में रोजाना चल रहा पूर्वाभ्यास

यहाँ पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह प्रचारक नारायण नामदेव का स्वयंसेवकों एवं आमजन, गणमानय नागरिकों को मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आगामी होने वाले पथ संचलन हेतु सभी स्वयंसेवक जोर-शोर से तैयारी में लगे हुए हैं,साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुसांगिक संगठन भी अपने स्वयंसेवकों को पूर्ण गणवेश के साथ इस पथ संचलन में शामिल करने हेतु अपनी-अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रहे हैं।

आयोजन हेतु बिश्रामपुर संघ मंडल के सभी प्रमुख पदाधिकारी, सहमंडल प्रमुख अपने-अपने वार्डों में तैयारी जिला कार्यवाह एवं अन्य संघ अधिकारियों के दिशा निर्देश मार्गदर्शन में जुट गए हैं,पथ संचलन का पूर्व अभ्यास स्थानीय गणेश मंदिर मिनी स्टेडियम चोपड़ा में प्रतिदिन संचालित हो रहा है।

**विजयादशमी पर दुर्गा वाहिनी ने नगर में किया पथ संचलन, कई जगह पुष्प वर्षा से हूआ स्वागत**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने सहित हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विजयादशमी के अवसर दुर्गा वाहिनी के स्वयं सेविकाओं ने नगर में शुक्रवार दोपहर बाद पथ संचलन किया। सफेद गणवेश में 50 से अधिक की संख्या में दुर्गा वाहिनी की बहनों ने नगर में अनुशासन और घोष के बीच पथ संचलन किया,पथ संचलन रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर के हर हर महादेव मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर मुख्य मार्ग होते बिश्रामपुर बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे,इस दौरान पथ संचलन में शामिल स्वयं सेविकाओं का रास्ते में कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया,बस स्टैंड में स्वयं सेविकाओं ने शौर्य प्रदर्शन किया, फिर मंगत राम चौक से वापस हनुमान मंदिर पहुंचकर बहनों ने माँ दुर्गा और भारत माता की आरती कर रक्त तिलक किया,आयोजन में बजरंग दल दुर्गा वाहिनी सहित आरएसएस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता ने सक्रिय रहकर आयोजन को सफल बनाया।



## खबर संक्षेप

### गरबा महोत्सव में दिखेगा गोविंदा का जलवा



**अम्बिकापुर।** नवरात्र पर्व के मौके पर सरगुजा अंचल में इस बार खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अम्बिकापुर के सरगवां पैलेस में 28 और 29 सितंबर को आयोजित होने जा रहे गरबा महोत्सव में बॉलीवुड सुपरस्टार गोविंदा अपनी भक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इस आयोजन को लेकर अंबिकापुर ही नहीं, बल्कि सूरजपुर, बलरामपुर समेत आसपास के जिलों में भी खासा उत्साह है। आयोजन में तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम कुश शाह (गोली) और सोशल मीडिया स्टार अंजली अरोरा भी अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजक विवेक अग्रवाल और रक्षित अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह पारिवारिक और भक्तिमय वातावरण में होगा, जिसमें भक्ति गीतों और पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति होगी। सभी आयु वर्ग के लिए खुले इस आयोजन का उद्देश्य शहरवासियों को भक्ति और संस्कृति से जोड़ना है। युवाओं को गरबा व सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने उन्हें आमंत्रित किया है। डीजे संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि पूरे कार्यक्रम में केवल भक्ति गीत और सरगुजिया धुनें ही बजेंगी।

### जसवंत बने किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष



**रामानुजगंज।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा एवं राष्ट्रीय प्रभारी अखिलेश शुक्ला की सहमति से छत्तीसगढ़ में किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की नई सूची जारी की है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु, राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी किसान कांग्रेस मनोज नचार तथा राम मोहन बरुआ की अनुमति एवं मार्गदर्शन में की गई हैं। प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा द्वारा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के लिए जसवंत सिंह को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## बिजनेस प्लस



### स्वदेशी खादी महोत्सव के अंतिम कुछ दिन शेष

**अम्बिकापुर।** स्थानीय कला केंद्र मैदान में विगत कुछ दिनों से आयोजित स्वदेशी खादी महोत्सव के अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। प्रदर्शनी संचालक ने बताया है कि यह प्रदर्शनी अब कुछ ही दिन की रह गई है,आगामी त्यौहारों को देखते हुए प्रदर्शनी में काफी छूट का प्रावधान रखा गया है, दीपावली, दशहरा के मद्देनजर हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं पर 10 प्रतिशत से लेकर के 20 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है। कारपेट, करकारी, एवं कश्मीरी साड़ियों पर विशाल छूट दी जा रही है। प्रदर्शनी में त्योहारों के हिसाब से पारम्परिक परिधान व घरेलू बस्तुओं की खरीदारी में काफी छूट का लाभ उठा सकते हैं।

## विश्व रैबीज दिवस आज, जानलेवा घातक बीमारी से बचाव सिर्फ एआरवी से ही संभव

# सरगुजा में आठ महीने में कुत्तों के काटने के 2226 मामले आए सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- अंधविश्वास के कारण जाती है लोगों की जान

सरगुजा में रेबीज के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। आलम यह है कि सिर्फ आठ महीनों में ही जिले में 3051 मामले सामने आए है। इनमें सर्वाधिक घटनाएं कुत्तों के काटने के कारण हुई है जबकि जिले में कुत्ते, बिल्ली बंदर के साथ ही अन्य जंगली जानवरों के हमले के केस भी सामने आते रहते है। बड़ी बात यह है कि शासकीय अस्पतालों में रेबीज से बचाव के लिए एंटी रेबीज इंजेक्शन मौजूद है और लोगों में इसे लेकर जागरूकता भी आई है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी इसे लेकर अंध विश्वास कायम है और यही लोगों की मौत का कारण भी बनता है। समय पर इंजेक्शन नहीं लगवाने और झाडफूंक कराने के कारण भी लोग रेबीज के शिकार हो जाते है हालांकि स्वास्थ्य विभाग के बाद रेबीज से मौत के आंकड़े नहीं है लेकिन प्रतिवर्ष रेबीज से मौत के अनेकों मामले सामने आ रहे है। 28 सितम्बर को दुनियाभर में विश्व रेबीज दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान रेबीज को लेकर सरगुजा से भी चौकाने वाले आंकडें सामने आए है।

चिकित्सकों के अनुसार रेबीज एक घातक और शत प्रतिशत जानलेवा वायरल रोग है। यह मुख्यतः संक्रमित जानवरों विशेष रूप से कुत्ता, बिल्ली, बंदर व अन्य जंगली जानवरों के खरोंचने या लार के सम्पर्क में आने से फैलता है। सबसे बड़ी बात यह है कि रेबीज सीधे तौर पर नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है और एक बार लक्षण आने के बाद इसका कोई उपचार नहीं है इसलिए समय पर रोकथाम से ही जीवन को बचाया जा सकता है। इन सब के बीच सरगुजा जिले से भी चौकाने वाली जानकारी सामने आई है। जिले में बड़े पैमाने पर लोग कुत्ते, बंदर सहित अन्य जंगली जानवरों हमले के शिकार हो रहे है। स्वास्थ्य विभाग के जनवरी से अगस्त तक के ही आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो इन आठ माह में जिले में 3051 लोग कुत्ते, बिल्ली व अन्य जानवरों के काटने के शिकार हुए है। जिले में सर्वाधिक 2226 डॉग बाईट के मामले है जबकि 220 बिल्ली काटने, 142 बंदर काटने के व 63 भालू व अन्य जंगली जानवरों के हमले के मामले है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के पास रेबीज से मौत के आंकडें मौजूद नहीं है और इसका प्रमुख कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर टीका नहीं लगवाने के बाद जब स्थिति बिगडती है तो परिजन मरीज को लेकर घर चले जाते है और रेबीज के लक्षण आने के बाद मरीज की मौत भी शत प्रतिशत निश्चित रहती है।



आवारा कुत्ते।

### कुत्ते काटने के सर्वाधिक मामले शहर में

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार कुत्ते काटने के सर्वाधिक मामले अम्बिकापुर में सामने आए है जबकि क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे नम्बर पर लुंड्रा, बतौली, सीतापुर विकासखंड है। इसी तरह बंदर काटने के सबसे अधिक मामले में मैनपाट, उदयपुर, सीतापुर क्षेत्र में सामने आते है। बड़ी बात यह कि शहर में आवारा कुत्तों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। जगह जगह कुत्तों का झुण्ड मौजूद है और कई बार ये कुत्ते लोगों पर हमला कर देते है। इन कुत्तों के हमले और इनसे होने वाली बीमारी से बचाव का उपाय वैक्सीनेशन और बधियाकरण है लेकिन ननि वर्षों बाद भी इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर पाया है। पूर्व में कई बार कंपनियों ने बधियाकरण के लिए टेंडर लिया लेकिन वे काम करने के लिए नहीं आई। हालांकि ननि ने एक बार फिर से बधियाकरण और टीकाकरण को लेकर कार्य योजना बनाई है लेकिन यह कब तक शुरू हो पाएगी यह देखना होगा।

### नहीं लगाए जाते है टांके

मुख्य रूप से कुत्ते या किसी भी जानवर के काटने पर घाव को 15 मिनट तक साबुन और बहते पानी से धोएं। ऐसा करने से संक्रमण की संभावना काफी हद तक घट जाती है इसके बाद एंटीसेप्टिक जैसे पोविडोन आयोडीन-स्पिरिट से घाव को साफ करें। घाव में टांकें नहीं लगाने चाहिए और ना ही उसपर मरहम व तेल लगाने चाहिए। डब्ल्यूएचओ ने काटने की तीन श्रेणियां बनाई है। पहली श्रेणी में केवल छूना, खिलाना, या बिना टूटे त्वचा पर चाटना कोई उपचार नहीं, बस साबुन-पानी से धुलना, बिना खून निकले खरोंच, खुरचना, बिना गहराई के काटना में एंटी रेबीज इंजेक्शन देना अनिवार्य है इसके साथ ही यदि गहरा घाव है और खून निकला है तो एआरवी के साथ इम्युनोग्लोबुलिन देना आवश्यक हो जाता है। चिकित्सकों के अनुसार एआरवी के दो प्रचलित शेड्यूल है जिसमें कम लागत वाले थाई रेड क्रोस मेथड है जिसमें 0, 3, 7, और 28 दिनों में दोनों बाहों में टीका लगाया जाता है जबकि दूसरा इंट्रामस्क्युलर है जो कि 0, 3, 7, 14, 28 दिनों में लगाया जाता है। इसके साथ ही बच्चों को जांघ में दिया जा सकता है। टीका विशेष रूप से विशेषज्ञ चिकित्सक की निगरानी में ही लगवाएं जाने चाहिए। वहीं टेटनस और एंटी बायोटिक भी दिए जा सकते है।

### नहीं करना चाहिए घरेलु उपचार

कुत्ता, बिल्ली व अन्य किसी जानवर के काटने पर घरेलु उपचार जैसे हल्दी, तेल, मिर्च ,राख का उपयोग नहीं करना चाहिए और ना ही घाव को ढंकना चाहिए। दस दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से टीका ले लेना चाहिए अन्यथा रेबीज होने पर जान जाना तय होता है। कई बार लोगों में एक सप्ताह में भी लक्षण नजर आने लगते है जबकि कई बार 30 से 90 दिन तो कभी एक साल में भी रेबीज के लक्षण नजर आते है। इस लिए लोगों को घरेलु उपचार और झाडफूंक से बचना चाहिए।

### 99 प्रतिशत रेबीज कुत्तों के काटने से

रेबीज एक जुनोटिक बीमारी है जो जानवर से मनुष्यों में फैलती है। 99 प्रतिशत रेबीज कुत्ते के काटने से होता है जबकि अन्य जनवरों से रेबीज फैलने की दर 1 प्रतिशत ही है। रेबीज के कारण कुत्ते में फ्लू जैसे लक्षण आने लगते है और नर्वस सिस्टम के लक्षणों में बदल जाते है, लार बहने लगता है। जानवर मालिक का आदेश नहीं मानता और खाना पीना बंद कर देता है और सभी को काटने के लिए दौड़ता है। कुत्ते या अन्य पालतू जानवरों को पशु चिकित्सक की सलाह से रेबीज का टीका लगवाए और प्रतिवर्ष बूस्टर टीका अवश्य लगवाए।

-**डॉ. सीके मिश्रा**, अतिरिक्त उप संचालक पशुधन विकास विभाग

### तत्काल लगवाना चाहिए एआरवी

रेबीज एक जानलेवा बीमारी है। यदि किसी व्यक्ति को कुत्ते, बिल्ली या किसी अन्य जंगली जानवर ने काटा है तो तत्काल प्रभाव से उसे चिकित्सक से मिलकर एंटी रेबीज इंजेक्शन लेना अनिवार्य है। इंजेक्शन का डोज पूरा करना होता है और यदि लोग झाडफूंक और अंध विश्वास के चक्कर में पड़ते है तो मरीज की जान जाना तय है। अब तक रेबीज होने पर इससे बचाव का टीका नहीं बना है।

-**डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता**
नोडल अधिकारी

# पीएम आवास ग्रामीण शासन की महत्वाकांक्षी योजना इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : पाटले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- 10 अक्टूबर का लक्ष्य सभी ग्राम पंचायत करें पूरा

कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले के निर्देश एवं मार्गदर्शन में शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का क्रियान्वयन एवं प्रगति निरंतर जारी है। जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 31954 परिवारों को आवास की स्वीकृति मिली है, जिसके विरुद्ध 16172 आवास पूर्ण कर लिए गए है। शेष आवासों के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने प्रशासन द्वारा पूरा प्रयास जारी है। इसी तारतम्य में 3 दिन से दो पालियों में 24 सितंबर को ओड़गी एवं भैयाथान, 25/को प्रतापपुर एवं प्रेमनगर तथा 26 को सूरजपुर एवं रामानुजनगर के जनपद पंचायत अंतर्गत समस्त अमलों की समीक्षा जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई। आगामी दिनों में शासन से प्राप्त आवास निर्माण के लक्ष्य की पूर्ति के सम्बन्ध समीक्षा किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना आवासहीन के कार्यों को अविलंब पूर्ण करने, सभी हितग्राहियों को समय पर राशि का भुगतान, अभिसरण से मिलने वाले मनरेगा मजदूरी राशि का समय पर भुगतान, स्वीकृति के लिए शेष बचे समस्त पात्र परिवारों के स्वीकृति का कार्य एवं योजना के क्रियान्वयन में आवश्यक सभी अहम पहलुओं पर विस्तार से चर्चा एवं समीक्षा किया गया। सभी ग्राम पंचायत को 10 अक्टूबर तक का लक्ष्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही एवं शासन की महत्वाकांक्षी योजना में ध्यान नहीं देने के कारण प्रेमनगर में ग्राम पंचायत केदारपुर एवं महेशपुर में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव जगदीश सिंह तथा सूरजपुर जनपद पंचायत के कल्याणपुर व बेलटिकरी में पदस्थ रामकुमार सिंह एवं संतोष विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही जनपद पंचायत में खराब प्रगति कर रहे सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है। आगामी माह में राज्य स्तर से बड़े पैमाने पर गृह प्रवेश एवं भूमिपूजन का कार्यक्रम प्रस्तावित है।




### फावड़ा से प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

**सूरजपुर।** गणेश विसर्जन कर रात में घर लौट रहे ग्रामीण को दुकान संचालक ने फावड़ा से जानलेवा हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने पीड़ित के सिर पर गंभीर चोट लगने पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आज गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। ग्राम सरमा निवासी मोहरलाल राजवाड़े ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 20 अगस्त को भाई मानसाय मूर्ति विसर्जन कर वापस आने के बाद रात को गांव के रमेश राजवाड़े के किराना दुकान में सामान लेने गया था। इस दौरान दुकान संचालक रमेश राजवाड़े गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर फावड़ा से मानसाय पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे सिर में गंभीर चोट आने से घायल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296(बी), 351(3), 115(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान घायल मानसाय के चोट को गंभीर डॉक्टर द्वारा गंभीर होना लेख किए। जिस पर पुलिस ने प्रकरण में हत्या का प्रयास की धारा 109 बीएनएस जोड़ी गई और दबिश देकर आरोपी रमेश राजवाड़े आ. स्व. निरंतर राजवाड़े (21 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर उसने आहत को फावड़े से मारपीट करने की बात कबूल की। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा जब्त किया है।

# ग्राम पंचायत गोंदा में कागजों में बने नहानी घर, जांच में हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- ग्रामीणों ने की कार्रवाई किए जाने की मांग

ग्राम पंचायत गोंदा में विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार का बड़ा खेल उजागर हुआ है। पंचायत के पूर्व सरपंच प्रेमा एक्का, उपसरपंच संतोषी राजवाड़े और सचिव आनंद सिंह मरावी पर आरोप है कि तीनों ने मिलकर लाखों रुपये के कार्य कागजों में पूरा दिखाकर फंड की बंदरबांट कर ली। ग्रामीणों की शिकायत पर जब जिला पंचायत की टीम ने जांच की तो खुलासा हुआ।

ग्रामीणों ने 24 जून को कलेक्टर से शिकायत की थी कि पंचायत में 15वें वित्त आयोग से फंड जारी कर पांच बड़े काम स्वीकृत हुए थे। जिसमें 5 नहानी घर लागत 3 लाख, सोलर पैनल स्ट्रीट लाइट लागत 1 लाख 44 हजार 200 रुपए, नाली निर्माण लागत 3 लाख 50 हजार, हैंडपंप चबूतरा मरम्मत लागत 80 हजार, कच्ची सड़क में मुरमीकरण मरम्मत लागत 4 लाख ,92 हजार कुल लगभग 13 लाख से अधिक राशि पंचायत के खाते से निकाल ली गई, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई भी काम नहीं हुआ है। इधर शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश पर 26 सितंबर को जिला पंचायत की टीम मौके पर पहुंची। टीम में कार्यपालन अभियंता संजय कुमार, उपसंचालक जिला पंचायत विक्रम बहादुर, एसडीओ प्रतापपुर हरिनारायण राज, और कार्य रोपण अधिकारी सुरेश सिंह शामिल थे। जांच के दौरान सभी पांचों कार्यों नहीं होना पाया गया। कागजों में कार्य पूर्ण दर्शा कर राशि आहरित कर ली गई थी। ग्रामीणों की शिकायत पूरी तरह सही पाई गई। ग्राम पंचायत गोंदा के सैकड़ों ग्रामीण जांच के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने जांच अधिकारियों के सामने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करेंगे और सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। जांच अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि पूरा मामला कलेक्टर के संज्ञान में लाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित होगी।



जांच करते अधिकारी।


हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736


# अड़ची में आयोजित फुटबॉल स्पर्धा में बरकोल टीम बनी विजेता

**अम्बिकापुर।** स्वस्थ तन व मन के लिए खेल का अपना अलग महत्व होता है। ऐसे आयोजनों से जहां एक ओर शक्ति की भक्ति में क्षेत्रवासी डूबे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण इलाकों में दबी प्रतिभाओं का निखारने का यह कार्य काफी प्रशंसनीय है। खेल में हार जीत लगी रहती है, लेकिन हार से निराश होने की बजाय भविष्य और भी बेहतर तरीके से विजयी होने की मंशा को लेकर मेहनत करते रहना चाहिए। उक्त बातें पूर्व मंत्री व पूर्व सीतापुर विधायक अमरजीत भगत ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत अड़ची में दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित सीजन 2 फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि यहां पर दोनों ही टीम के खिलाड़ियों द्वारा बेहतर मैच का प्रदर्शन कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया गया है। उन्होंने कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना के साथ खेलते हुए अपनी मंजिल की ओर बढ़ते रहना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान होती है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अमरजीत भगत समेत जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, नवानगर मंडल अध्यक्ष पिंटू, अड़ची सरपंच धन कुमारी, सरपंच पति दिनेश मरावी, बीडीसी ओमप्रकाश, पूर्व बीडीसी कमल एक्का ने स्पर्धा के फाइनल मैच खेल रहे बरकोल व नान दमाली टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर खेल की शुरुआत कराई गई। रोमांचक मुकाबले में बरकोल की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। अतिथियों द्वारा विजेता टीम बरकोल के खिलाड़ियों को 40 हजार रुपए नगद एवं शील्ड एवं उपविजेता नान दमाली टीम को 20 हजार रुपए नगद शील्ड देकर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में भानु राजवाड़े, रामबोध राजवाड़े, हृदय नारायण राजवाड़े, उदयभान, अमन मरावी व अन्य सक्रिय रहे। इसके बाद पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मत्था टेक क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए पूजा अर्चना किया।








# हाऊसिंग बोर्ड अध्यक्ष ने महामाया मंदिर में सपरिवार किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अमिताभ सिंहदेव ने परिवार के साथ कुलदेवी मां महामाया की विधि-विधान से पूजा कर भंडारे प्रसाद का वितरण किया। अमिताभ सिंहदेव ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रसाद ग्रहण करने कहा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव भी उपस्थित रहे और विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित किया।

पंचमी पर शंकरगढ़ मोड़ स्थित महामाया मंदिर का नया प्रवेश द्वार दोपहर 2 बजे लोकार्पण किया गया। इस दौरान विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, जिला पंचायत सदस्य गीता पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष प्रियंबदा सिंह, मंजु राजेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि मुकेश कश्यप, मंडल अध्यक्ष विवेक जायसवाल, अनुरंजन यादव, राजेश अग्रवाल, निमेष यादव, आकाश सिन्हा, मोहन धोबिया, शिवनाथ यादव, अमीन साय, शिवबरत यादव, पुष्कर अग्रवाल, कालु, मंगलु, संजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।













